# MP BOARD CLASS 10 HM SOCIAL SCIENCE MODEL PAPER SET 3 2020

म.प्र. बोर्ड कक्षा 10 HM सामाजिक विज्ञान मोडल पेपर सेट 3 2020

प्रश्न 1. सही विकल्प चुनिए- 1x5=5

(अ) मध्य प्रदेश किस खनिज के उत्पादन में भारत में प्रथम स्थान रखता है?

(i) लोहा (ii) अभ्रक (iii) सोना (iv) हीरा।

(ब) निम्नलिखित में जैविक आपदा है-

(i) बम विस्फोट (ii) बर्ड फ्लू (iii) ज्वालामुखी (iv) सुनामी।

(स) पंजाब के गवर्नर ओ. डायर की गोली मारकर हत्या की थी-

(i) भगत सिंह ने (ii) चन्द्रशेखर आजाद ने (iii) ऊधम सिंह ने (iv) मंगल पाण्डे ने।

(द) संविधान में मौलिक कर्त्तव्य कितने बताये गये हैं?

(i) 5 (ii) 14 (iii) 18 (iv) 10.

(ड) भारत में वैश्वीकरण की प्रक्रिया प्रारम्भ हुई है

(i) सन् 1947 से (ii) सन् 1951 से (iii) सन् 1991 से (iv) सन् 2001 से।

उत्तर-(अ) (iv), (ब) (ii), (स) (iii), (द) (iv), (इ) (iii)।

प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए- 1x5=5

(अ) प्रति हेक्टेअर गेहूँ का सर्वाधिक उत्पादन करने वाला राज्य ............... है।

(ब) कारखानों से निकलने वाली हानिकारक गैस व धुआँ .......... का प्रमुख कारण है।

(स) 'जय हिन्द' का नारा ............... ने दिया था।

(द) संविधान सभा के स्थायी अध्यक्ष ............... थे।

(इ) स्थानीय प्रशासन की सबसे छोटी इकाई .............. है।

उत्तर-(अ) उत्तर प्रदेश, (ब) वायु प्रदूषण, (स) सुभाषचन्द्र बोस,

(द) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, (इ) ग्राम पंचायत।

प्रश्न 3. सत्य/असत्य बताइए- 1x5=5

(अ) जन आन्दोलन तथा सामूहिक आन्दोलन 1857 ई. की क्रान्ति थी।

(ब) कश्मीर भारत की उत्तर-पश्चिम सीमा पर स्थित है।

(स) राज्यसभा के सदस्यों की अधिकतम संख्या 250 है।

(द) जनसंख्या विस्फोट से संसाधनों की कमी हो जाती है।

(इ) आर्थिक विकास एक सतत् एवं निरन्तर चलने वाली प्रक्रिया नहीं है।

उत्तर-(अ) सत्य, (ब) सत्य, (स) सत्य, (द) सत्य, (इ) असत्य।

प्रश्न 4. सही जोड़ी बनाइए- 1x5=5

| 'अ' | ‘ब’ |
|---|---|
| 1. डी.डी-1 एवं डी.डी-2 | (क) मालद्वीप |
| 2. जॉब कार्ड | (ख) दिल्ली |
| 3. सीमेण्ट का कारखाना | (ग) पंजीकृत परिवार |
| 4. डिजिटल चार्ट्स | (घ) भारतीय मानक संस्थान |
| 5. मानकीकरण | (ङ) द्वितीयक क्षेत्र |

उत्तर-1.→ (ख), 2. → (ग), 3. → (ङ), 4.→ (क), 5. → (घ)।

प्रश्न 5. एक शब्द/वाक्य में उत्तर दीजिए- 1x5=5

(अ) विश्व में जनसंख्या की दृष्टि से भारत का कौन-सा स्थान है?

(ब) भारतीय योजना आयोग का गठन कब किया गया था?

(स) डॉक्टर, शिक्षक, वकील, आदि की सेवाएँ किस प्रकार के कार्यक्षेत्र में आती हैं?

(द) वस्तु या सेवा के खरीददार को क्या कहते हैं?

(इ) बाट एवं माप मानक अधिनियम किस वर्ष में पारित किया गया?

उत्तर-(अ) दूसरा, (ब) 15 मार्च, 1950, (स) तृतीयक, (द) उपभोक्ता, (इ) सन् 1976 में।

प्रश्न 6. भौम जल पाने के स्त्रोत क्या हैं? 2

अथवा

भारत के चार परमाणु बिजलीघरों के नाम बताइए। इनमें से प्रत्येक किस राज्य में स्थित है?

प्रश्न 7. हड़प नीति क्या थी? 2

अथवा

उग्रराष्ट्रवाद विचारधारा के प्रमुख नेताओं के नाम बताइए।

प्रश्न 8. आर्थिक विकास की माप के प्रमुख मापदण्ड कौन-कौन से हैं? लिखिए। 2

अथवा

ए. टी. एम. क्या है? इसके लाभ लिखिए।

प्रश्न 9. 'अधोसंरचना' किसे कहते हैं? 2

अथवा सेवा क्षेत्र का कृषि एवं राष्ट्रीय आय में योगदान की विवेचना कीजिए।

प्रश्न 10. उपभोक्ता शोषण से क्या आशय है? 2

अथवा

आई. एस. आई. क्या है?

प्रश्न 11. उद्यानिकी विकास कार्यक्रम के प्रमुख प्रावधान बताइए। 3

अथवा

वन जलवायु को कैसे नियन्त्रित करते हैं?

प्रश्न 12. हरित क्रान्ति से आप क्या समझते हैं। 3

अथवा

छोटा नागपुर के पठार को 'विश्व का खनिज आश्चर्य' क्यों कहते हैं? समझाइए।

प्रश्न 13. 1857 के पूर्व ब्रिटिश शासन के विरुद्ध विद्रोह अपनी आरम्भिक अवस्था में क्यों असफल रहे? http://www.mpboardonline.com 3

अथवा

सन् 1857 की क्रान्ति के क्या परिणाम हुए? समझाइए।

प्रश्न 14. 1857 के संग्राम को प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम क्यों कहा जाता है? 3

अथवा

नाना साहब पर टिप्पणी लिखिए।

प्रश्न 15. भारत में औद्योगिक विकास के लिए कौन-कौन सी परिस्थितियाँ उपलब्ध हैं? 4

अथवा

ध्वनि प्रदूषण को नियन्त्रित करने के कोई चार उपाय लिखिए।

प्रश्न 16. "रेलमार्गों का वितरण भारत में आसमान है।" स्पष्ट कीजिए। 4

अथवा

भारत के अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार की विशेषताएँ लिखिए।

प्रश्न 17. आपदा के प्रभाव बताइए। 4

अथवा

बाढ़ के प्रभावों को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 18. मध्य प्रदेश के राष्ट्रीय चेतना की जागृति हेतु प्रकाशित होने वाले समाचार-पत्रों के नाम लिखिए। 4

अथवा

रोलेट एक्ट क्या था? समझाइए।

प्रश्न 19. ताशकन्द समझौता क्या है? इसकी शर्तों का उल्लेख कीजिए। 4

अथवा

भारत में आपातकाल की घोषणा कौन करता है तथा वह कितने प्रकार की होती है?

प्रश्न 20. राज्य के नीति निदेशक तत्त्वों से क्या आशय है? 4

अथवा

संसदीय शासन प्रणाली की विशेषताएँ लिखिए।

प्रश्न 21. समाजवाद की विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 4

अथवा http://www.mpboardonline.com

पूँजीवादी अर्थव्यवस्था एवं समाजवादी अर्थव्यवस्था में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 22. निम्न वायुमापन संकेतों को स्पष्ट करते हुए उनके प्रभावों को स्पष्ट कीजिए- 5

(i) शांत वायु, (ii) ललित वायु, (iii) धीर समीर, (iv) सबल समीर, (v) प्रबल समीर।

अथवा

भारत के मानचित्र में निम्नांकित को दर्शाइए-

(i) काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान, (ii) भाखड़ा-नंगल बाँध, (iii) कच्छ का रन,

(iv) कर्क रेखा, (v) हजीरा-जगदीशपुर गैस पाइपलाइन।

प्रश्न 23. भारत छोड़ो आन्दोलन कब शुरू हुआ था? भारतीय स्वतन्त्रता के इतिहास में इसका महत्त्व लिखिए। 5

अथवा

आजाद हिन्द फौज की स्थापना क्यों की गई थी एवं भारत की स्वतन्त्रता के लिए उसके योगदान को लिखिए।

प्रश्न 24. भारत-चीन युद्ध में एकतरफा युद्ध विराम की घोषणा चीन ने क्यों की? वर्णन कीजिए। 5

अथवा

भारत में परमाणु नीति के सिद्धान्तों को समझाइए।

प्रश्न 25. राज्यसभा के कार्य लिखिए। 5

अथवा

पंचायती राज व्यवस्था को समझाते हुए स्थानीय संस्थाओं के कार्यों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 26. जनसंख्या वृद्धि को रोकने के उपाय लिखिए। 5

अथवा

आतंकवाद का समाज पर क्या प्रभाव पड़ता है? वर्णन कीजिए।